# 2 लोग ट्रेन से कटे, रेलवे लाइन पर मिले शव

**गंगा मालनपुर और हरिशंकर पुरम ट्रैक पर हुए हादसे**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 24 मई ।** आज रविवार को पुरानी छावनी और झांसी रोड थाना क्षेत्र में दो अज्ञात लोगों की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को रेलवे लाइन पर इनके क्षत-विक्षत शव मिले हैं।

मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने दोनों शवों को निगरानी में लेकर डेड हाउस में रखवा दिया है। आशंका जताई जा रही है कि दोनों यात्री हो सकते हैं। रेलवे पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है। फिलहाल पुरानी छावनी और झांसी रोड थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के दो अलग-अलग रेलवे ट्रैक पर आज हादसों की सूचना से हड़कंप मच गया। जीआरपी और स्थानीय थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को मर्चुरी पहुंचाया। पुरानी छावनी थाना पुलिस को सूचना मिली कि गंगा मालनपुर स्थित मरघट के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक की लाश पड़ी है। मृतक की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष बताई जा रही है। उसने सफेद रंग की टी-शर्ट और पैंट पहन रखी थी। रंग सांवला बताया है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो रेलवे लाइन पर शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को निगरानी में लिया, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। मृतक के कपड़ों से कोई टिकट या दस्तावेज भी नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान की जा सके। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

दूसरा हादसा झांसी रोड थाना क्षेत्र के हरिशंकरपुरम के पास हुआ। यहां रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव बेहद क्षत-विक्षत हालत में मिला। राहगीरों और रेलवे स्टाफ की सूचना पर झांसी रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को निगरानी में ले लिया। शव इतना क्षत-विक्षत था कि मृतक का चेहरा पहचान में नहीं आ रहा था। पुलिस ने शव को मर्चुरी भेजकर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी दोनों मृतकों के पास से कोई मोबाइल, पर्स या दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उनकी पहचान हो सके। पुलिस आसपास के जिलों और थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाल रही है, ताकि हुलिए के आधार पर पहचान की जा सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही साफ हो सकेगा कि मामला दुर्घटना का है या आत्महत्या का।

### बिजली और सड़क को लेकर सांसद ने बुलाईं दो बड़ी बैठकें

**ग्वालियर 24 मई।** जिले में चल रहे विद्युत संबंधी कार्यों और योजनाओं की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक 25 मई को आयोजित की जाएगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 3 बजे से सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में जिले में चल रहे विद्युत कार्यों, योजनाओं की प्रगति और बिजली आपूर्ति से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में आरडीएसएस योजना के तहत लॉस रिडक्शन कार्यों की समीक्षा, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट की प्रगति, एसएसटीडी योजना के स्वीकृत एवं प्रस्तावित कार्यों की स्थिति तथा पेयजल स्रोतों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के विषय पर चर्चा होगी।

# समाज के लिए शिक्षा जरुरी : सांसद कुशवाहा

**कुशवाहा खाप महापंचायत ने आयोजित किया प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा सम्मान समारोह**




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 24 मई ।** जीवाजी विश्वविद्यालय स्थित अटल सभागार में आज अखिल भारतीय कुशवाहा खाप महापंचायत द्वारा आयोजित प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंच से अपने विचार साझा करते हुए मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद भारत सिंह कुशवाहा ने सामाजिक एकता, शिक्षा एवं विभिन्न सामाजिक विषयों पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सांसद कुशवाहा ने कहा कि समाज की इन युवा प्रतिभाओं का उत्साह देखकर उनका मन अत्यंत प्रसन्न है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती सीमा समृद्धि कुशवाह, पूर्व जनपद अध्यक्ष फूल सिंह कुशवाह, संरक्षक चंदन प्रेमी, पार्षद भूपेंद्र सिंह कुशवाह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भजनलाल कुशवाह, पूर्व पार्षद हरिसिंह कुशवाह, हेमन्त कुशवाहा, एड. रोशनी कुशवाह, अर्जुन कुशवाह, वकील सिंह एवं मंच संचालक राजेश कुशवाह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कार चालक ने लोगों को कुचला, 3 घायल, एक की हालत गंभीर



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 24 मई ।** थाना हजीरा अंतर्गत लधेड़ी रोड स्थित सोना गार्डन के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जानकारी के मुताबिक, तेज गति से दौड़ रही फॉर्च्यूनर कार को रोकने का प्रयास करने पर चालक ने गुस्से में वाहन को और तेज रफ्तार से लोगों की ओर दौड़ा दिया जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

इस दर्दनाक हादसे में 2 से 3 लोग घायल हो गए, जिनका उपचार जारी है। हादसे में घायल शिवप्रताप शर्मा की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक अपनी फॉर्च्यूनर लेकर मौके से फरार हो गया। इलाके में इस घटना के बाद भारी आक्रोश है और लोग आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# किले पर बाइक राइडर्स और युवाओं का अनूठा श्रमदान



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 24 मई।** ऐतिहासिक गौरव और पर्यटन स्थलों को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से आज सुबह ग्वालियर किले के प्रसिद्ध सास-बहू मंदिर परिसर के समीप एक विशेष श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया। नगर निगम ग्वालियर के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर व प्रसिद्ध पैरा एथलीट श्री प्रमोद धनेले के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में शहर के साहसी युवाओं और जागरूक नागरिकों का जबरदस्त जोश देखने को मिला। इस पुनीत कार्य में श्री शुभम चौधरी , श्री प्रशांत की टीम और महिला बाइक राइडर सुश्री शबनम के साथ-साथ बड़ी संख्या में शहर के जाँबाज़ बाइक राइडर्स, युवा लड़के-लड़कियां और प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। इन अनाम कर्मवीरों की निस्वार्थ सेवा की चमक इस अभियान की तस्वीरों और किले की साफ हुई दीवारों पर साफ देखी जा सकती है। पूरी टीम के सदस्यों ने भीषण गर्मी की परवाह न करते हुए ऐतिहासिक परिसर की गहन साफ-सफाई की और संपूर्ण परिसर को स्वच्छ किया।

**ना गंदगी करेंगे, ना करने देंगे का लिया संकल्प:** श्रमदान के पश्चात उपस्थित सभी कर्मवीरों ने ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा के लिए एक सुर में संकल्प लिया। ब्रांड एंबेसडर प्रमोद धनेले ने इस अवसर पर कहा कि, धरोहरें हमारे ग्वालियर की असली पहचान हैं।

**पर्यटन स्थलों पर चलेगा रोको-टोको अभियान:** टीम के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि किले सहित शहर के अन्य सभी पर्यटन स्थलों पर रोको-टोको अभियान को एक आंदोलन के रूप में चलाया जाएगा। इसके तहत, यदि कोई भी पर्यटक या स्थानीय नागरिक कचरा फैलाने का प्रयास करेगा, तो ये सभी जाँबाज़ साथी उन्हें बेहद प्यार, अदब और समझदारी से मौके पर ही रोकेंगे और टोकेंगे।

# सीवर चेंबरों पर उकेरी जा रही स्वच्छता की तस्वीर

**ग्वालियर।** शहर को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में नगर निगम ग्वालियर द्वारा लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त टी प्रतीक राव के निर्देशन में नगर निगम का स्वास्थ्य अमला स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का रूप देने में जुटा है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 51, जोन क्रमांक 20 में अनूठी पहल देखने को मिली, जहां सीवर चेंबरों को आकर्षक पेंटिंग्स से सजाया गया है।सहायक स्वास्थ्य अधिकारी रामचंद्र धौलपुरिया द्वारा सीवर चेंबरों पर सुंदर एवं रंग-बिरंगी पेंटिंग बनाई गई हैं। इन कलात्मक चित्रों ने गली-मोहल्लों की सड़कों को नया और आकर्षक रूप दे दिया है। पहले जहां सीवर चेंबर सामान्य और उपेक्षित दिखाई देते थे, वहीं अब वे लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। स्थानीय रहवासियों ने नगर निगम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की सुंदरता बढ़ी है और वातावरण भी सकारात्मक महसूस हो रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी लोग इन कलाकृतियों को पसंद कर रहे हैं। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में वॉल पेंटिंग से संदेश भी दिया जा रहा है।

# पेयजल व्यवस्था से जुड़े समस्त अमले के अवकाश पर प्रतिबंध

**प्रतिदिन कलेक्टर करेंगी पेयजल उपलब्धता की समीक्षा, कंट्रोल रूम होगा स्थापित**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 24 मई ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पेयजल व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों को पेयजल संबंधी मामलों के त्वरित निराकरण और प्रतिदिन मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये हैं। इस क्रम में नगरीय निकाय, पंचायत, पीएचई, जल निगम आदि विभागों के पेयजल व्यवस्था से जुड़े समस्त अमले के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में ही अवकाश स्वीकृत होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने रविवार को कलेक्टर्स एवं नगरीय निकाय, पंचायत, पीएचई और नगर निगम के अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। ग्वालियर में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत, अपर आयुक्त नगर निगम श्री प्रदीप तोमर एवं पीएचई के अधिकारी मौजूद थे।

उन्होंने कलेक्टर्स से कहा है कि वे सेंट्रल कंट्रोल रूम बनाएं और पेयजल उपलब्धता के लिए अधिकारियों की समिति बनाकर प्रतिदिन समीक्षा करें। यह सुनिश्चित करें कि टैंकर से पेयजल आवश्यकता वाले क्षेत्रों में वितरित हो और किसी भी तरह की अनियमितता नहीं हो। उन्होंने टैंकर के दुरूपयोग पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि वे जनप्रतिनिधियों से संवाद और समन्वय रखकर पेयजल की कमी वाले क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कलेक्टर से कहा कि पेयजल उपलब्धता के लिये युद्ध स्तर पर काम करें। शहरी क्षेत्र की पानी की टंकियों को भरने में समानता रखें और अन्य विभागों के साथ ही ऊर्जा विभाग को भी इस पूरे प्लान में शामिल रखें। उन्होंने निर्देश दिये कि कोई भी नलजल योजना का विद्युत कनेक्शन न कटे। मुख्य सचिव श्री जैन ने बताया कि राज्य शासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में वोरवेल आदि के खनन के लिए 1500 करो रूपये की राशि जारी की है और पंचायतों को संधारण कार्य के लिए 55 करो रूपये की अतिरिक्त राशि भी दी गई है, जिससे पेयजल उपलब्धता में कोई असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर मेकेनिज्म तैयार करें और नियमित रूप से समीक्षा करें। बैठक में नगरीय विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पीएचई, ऊर्जा और सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए। मुख्य सचिव श्री जैन कहा कि कंट्रोल रूम को स्वयं कलेक्टर लीड करें और जनप्रतिनिधियों आदि से प्राप्त होने वाली शिकायतों के अलावा लोक सेवा गारंटी तथा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का न्यूनतम समय अवधि में निराकरण करवाएं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ बेहतर संवाद रखें एवं पेयजल उपलब्धता तथा शिकायतों के निराकरण का प्रचार-प्रसार भी करें। उन्होंने कहा कि आगामी एक माह के लिए प्लान बनाकर रोज सख्ती से मानीटरिंग की जाए। पेयजल प्रदाय कार्य में लगे सभी विभागों के अमले के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाएं और अपरिहार्य होने पर ही अवकाश स्वीकृत किया जाए।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वे ट्रीटेड वाटर का भी समुचित उपयोग करें साथ ही टैंकर से जल प्रदाय पर विशेष ध्यान रखें और यह सुनिश्चित करें कि हर हाल में बसाहटों में टैंकर पहुंचे तथा जल प्रदाय करें। कलेक्टर्स से कहा गया है कि नई एसओपी जारी की गई है, एसओआर को रिवाइज किया गया है और अब जल संधारण के 10 हजार तक के कार्य पंचायत स्वयं कर सकती है।

# नवविवाहिता की मौत : पति गिरफ्तार, सास और देवर की तलाश

**सुरैयापुरा गली नंबर-2 में फांसी के फंदे पर लटकी मिली थी 21 वर्षीय पलक की लाश**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 24 मई ।** मुरार इलाके के सुरैयापुरा में एक नवविवाहिता की संदेहास्पद मौत के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मृतिका के परिजनों के आरोपों और बयानों के आधार पर पुलिस ने दहेज प्रताड़ना और हत्या की धाराओं में मामला दर्ज किया था। घटना के बाद से ही आरोपी पति फरार था, जिसे तकनीकी सेल की मदद से दबोच कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**आरोपी पति भेजा गया**

**शादी के कुछ समय बाद ही उजड़ गई दुनिया**

घटनाक्रम के अनुसार, दिनांक 12 मई 2026 को गली नंबर-02, सुरैयापुरा (मुरार) में रहने वाली पलक रजक पत्नी अमित रजक (उम्र 21 वर्ष) की फांसी लगाने के कारण संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सूचना मिलते ही मुरार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जब मृतिका के परिजनों के बयान लिए गए, तो उन्होंने पति अमित रजक, सास मीरा देवी और देवर आकाश रजक पर पलक को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए। बयानों के आधार पर पुलिस ने 21 मई को तीनों ससुराल वालों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया।

**जेल, अन्य की तलाश जारी:** पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता और लोकेशन ट्रैकिंग के आधार पर मुख्य आरोपी पति अमित रजक को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ और जांच में आरोपी के खिलाफ अपराध घटित करने के पर्याप्त साक्ष्य पाए गए, जिसके बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से माननीय न्यायालय ने उसे न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में भेज दिया है। मुरार पुलिस के मुताबिक, प्रकरण के शेष आरोपी सास श्रीमती मीरा देवी और देवर आकाश रजक घटना के दिन से ही फरार हैं। पुलिस की टीमें उनके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# खिड़की तोड़कर चोरी करने वाले 3 चोर गिरफ्तार

**गंगा मालनपुर में हुई नकबजनी का खुलासा,फरियादी के घर से उड़ाए थे 80 हजार रुपये**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 24 मई ।** महानगर के थाना पुरानी छावनी पुलिस ने ग्राम गंगा मालनपुर में हुई एक सनसनीखेज चोरी का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी एक घर की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे थे और बक्से में रखे 80 हजार रुपये नगद व चांदी की मूर्ति चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने चोरों के कब्जे से भगवान गणेश की चांदी की मूर्ति और बची हुई नगदी बरामद कर ली है। फरियादी धर्मेंद्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 अप्रैल 2026 की रात वह परिवार सहित सो रहा था, तभी अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर बक्से की रजाई में छिपाकर रखे 80 हजार रुपये और चांदी के गणेश जी चुरा लिए थे।

**अय्याशी में उड़ाए पैसे**

आरोपियों ने चोरी की रकम का बड़ा हिस्सा (करीब 77,500 रुपये) खाने-पीने और मौज-मस्ती में उड़ा दिया। पुलिस ने केवल 2,500 रुपये नगद बरामद किए हैं। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर नए कानून के तहत अपराध क्रमांक 139/26 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था।

**अलमारी से बरामद हुई भगवान की मूर्ति**

पुलिस ने मुख्य आरोपी सूरज राजपूत की निशादेही पर उसके घर की अलमारी से चोरी की गई गणेश जी की चांदी की मूर्ति बरामद की। वहीं आरोपी सज्जाद खान की जेब से 1,500 रुपये और अरुण उर्फ टकला से 1,000 रुपये नगद (कुल 2,500 रुपये) बरामद किए गए। तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस अब इनसे क्षेत्र में हुई अन्य चोरियों के संबंध में कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

# जीत के लिए दम लगा रहीं हैं अगले दौर में पहुंचीं टीमें



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 24 मई ।** जन उत्थान न्यास के तत्वाधान में हो रहे विधायक प्रीमियर लीग 2026 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के आज 6 मैच एम.एल.बी कॉलेज के खेल मैदान में सायं 3:30 बजे से आयोजित किये गये। पहला मैच सायं 3-30 बजे वार्ड क्रमांक 57 की टीम 57/ई एवं टीम 57/एल के मध्य खेला गया। इसी क्रमशः में दूसरा मैच सायं 4:30 बजे वार्ड क्रमांक 45 की टीम 45/ए एवं टीम 45/एन के मध्य, तीसरा मैच सायं 5:30 बजे वार्ड क्रमांक 59 की टीम 59/डी एवं टीम 59/आई के मध्य, चौथा मैच सायं 6:30 बजे वार्ड क्रमांक 26 की टीम 26/बी एवं टीम 26/डी के मध्य, पांचवा मैच सायं 7:30 से वार्ड क्रमांक 23 की टीम 23/ए एवं टीम 23/डी के मध्य एवं अंतिम छठवां मैच सायं 8:30 बजे वार्ड क्रमांक 56 की टीम 56/सी एवं टीम 56/जेड के मध्य खेला गया। ।

आज शाम एम.एल.बी मैदान पर पहला मैच वार्ड क्रमांक 57 की टीम 57/ई एवं टीम 57/एल के मध्य खेला गया। टीम 57/ई ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग की। जिस पर टीम 57/एल 47 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसके विरूद्ध 57/ई ने 49 रन बनाये और मैच में जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच विकास मधुरिया को मिला। दूसरा मैच वार्ड क्रमांक 45 की टीम 45/ए एवं टीम 45/एन के मध्य खेला गया। टीम 45/ए ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग की। जिस पर टीम 45/एन ने 8 ओवर में 82 रन बनाये। जिसके विरूद्ध टीम 45/ए ने 8 ओवर में 78 रन बनाये और मैच हार गई। मैन ऑफ द मैच आदित्य को मिला। तीसरा मैच वार्ड क्रमांक 59 की टीम 59/डी एवं टीम 59/आई के मध्य खेला गया। टीम 59/डी ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग की। जिस पर टीम 59/आई ने 8 ओवर में 62 रन बनाये। जिसके विरूद्ध टीम 59/डी ने 65 रन बनाये और जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच प्रेम को मिला।



## गिर्राज मंदिर मुरार का 53 वां स्थापना दिवस मना

**नवभारत नयूज**
**ग्वालियर 24 मई।** भगवान गिर्राज मंदिर मुरार का दो दिवसीय 53वां स्थापना दिवस रविवार को वैदिक रीति रिवाज के साथ मना। मंदिर के पुजारी पंडित मुकेश मोहन पांडे ने बताया कि अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। प्रातः भगवान गिर्राज का दूध दही से अभिषेक कर विशेष श्रंगार किया गया, सांयकाल छप्पन भोग एवं फूल बंगला सजाया गया, रात्रि में महाआरती के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया।

मंदिर की स्थापना सन् 1973 में की गई थी। इस अवसर पर गिर्राज भक्त मंडल के भक्तगण मौजूद रहे।

# मुंहबोली बहन बनाकर पति ने ही रचाई थी अपनी पत्नी की दूसरी शादी

**व्हाट्सएप चैट से खुला लुटेरी दुल्हन का राज, पुलिस की गिरफ्त में आया मुख्य आरोपी पति**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 24 मई ।** महानगर के थाना झांसीरोड पुलिस ने शादी के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह के मुख्य मास्टरमाइंड ने अपनी ही दूसरी पत्नी को मुंहबोली बहन बताकर एक युवक से उसकी शादी करा दी और विवाह के नाम पर लाखों रुपये ऐंठ लिए। इस सनसनीखेज साजिश का खुलासा तब हुआ जब पीडि़त पति ने अपनी नई नवेली दुल्हन का मोबाइल चेक किया। पुलिस ने मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

जबलपुर के अपोलो हॉस्पिटल के इमरजेंसी डिपार्टमेंट में टीम लीडर के पद पर कार्यरत रतन शर्मा (निवासी नाका चंद्रवदनी, ग्वालियर) अपने भाइयों के साथ अविवाहित थे और रिश्ते की तलाश में थे। इसी बीच 15 अप्रैल 2026 को बिचौलिए सोनू तिवारी ने उनके भाई को बताया कि उसका परिचित सोनू उर्फ अजय चौहान अपनी मुंहबोली बहन राधा उर्फ दीक्षा मुदगल का विवाह कराना चाहता है। लड़की को अनाथ और बेहद गरीब बताया गया। 20 अप्रैल को परिवार ने ग्वालियर के किलागेट इलाके में लड़की को देखा और रिश्ता तय कर दिया। इसके बाद 27 अप्रैल को गोद भराई और 07 मई 2026 को ग्वालियर के पाटनकर चौराहा स्थित सुखसागर होटल में हिंदू रीति-रिवाज से दोनों का विवाह संपन्न हुआ। शादी के बाद नाका चंद्रवदनी रहने आई दुल्हन लगातार फोन पर किसी से बात करती थी। संदेह होने पर जब रतन शर्मा ने उसका मोबाइल चेक किया, तो पैरों तले जमीन खिसक गई। व्हाट्सएप चैट से पता चला कि दीक्षा मुदगल और उसे भाई बताने वाला सोनू उर्फ अजय चौहान असल में वर्ष 2024 में आर्य समाज मंदिर, सिकंदरा (आगरा) में प्रेम विवाह कर पति-पत्नी के रूप में रह रहे थे।

थाना प्रभारी झांसीरोड निरीक्षक शक्ति सिंह यादव की एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल राधा उर्फ दीक्षा मुदगल को अभिरक्षा में लिया।

वहीं, मुख्य आरोपी पति सोनू उर्फ अजय प्रताप सिंह चौहान (उम्र 34 वर्ष, निवासी केशव कॉलोनी, मुरैना) को आज दिनांक 24 मई को थाना क्षेत्र से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि इस पूरे आपराधिक षड्यंत्र में अजय चौहान की मां माया देवी, बहन शिल्पी परमार, जीजा राघवेंद्र परमार, भाई सत्येंद्र चौहान और बिचौलिया सोनू तिवारी भी शामिल थे। पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश रचने का मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

**स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर धनेले की पहल**

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर के ब्रांड एंबेसडर की पहल पर वार्ड 60 के हॉस्टल को बड़ी राहत मिली। अभियान के दौरान ब्रांड एंबेसडर प्रमोद धनेले की सजगता का एक बड़ा उदाहरण भी सामने आया। वार्ड नंबर 60 स्थित ज्ञान उदय शासकीय हॉस्टल के बाबूजी नवीन कुनकर ने प्रमोद जी को अवगत कराया था कि हॉस्टल परिसर में कचरा गाड़ी न आने के कारण वहां रहने वाले विद्यार्थियों और लगभग 20 परिवारों को मजबूरी में बाउंड्री के बाहर कचरा फेंकना पड़ता था।

### जलालपुर संयंत्र बंद रहने से नहीं आया पानी, आज भी संकट

**ग्वालियर।** आज प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक एमपीईबी द्वारा शटडाउन लिए जाने के कारण विद्युत प्रवाह बाधित रहा। बिजली आपूर्ति बंद होने से 160 एमएलडी क्षमता वाला जलालपुर जल शोधन संयंत्र संचालन बंद रहा।उन्होंने बताया कि संयंत्र बंद रहने के कारण पूर्व विधानसभा एवं ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र की पानी की टंकियां पूर्ण क्षमता से नहीं भर सकीं।

इसके चलते कल 25 मई को भी सुबह होने वाला जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग एवं आवश्यकतानुसार पानी का उपयोग करने की अपील की है।

**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 06 वार्ड क्रं. 31, भवन क्रं. 900, स्थान: तानसेन रोड़ पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती पूनम बंसल / श्री धर्मवीर बंसल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000142556 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 365.62 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. A101038241 दिनांक 17.11.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पड़ाव क्षे.क्रं. 06 पर दिनांक 21.05.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 63/2010/49019/48970/ प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
(शशी बंसल J/O पूनम / श्री सुशील बंसल)
मनीष बंसल / श्री सुशील बंसल
पता: तानसेन रोड़, वार्ड-31
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 24-05-2026